ग्रामीण विकास मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्री उत्तमभाई पटेल) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

मध्य प्रदेश में परती भूमि का विकास

2706. श्री अजीत जोगी : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश में परती भूमि के विकास के लिए कोई योजना शुरू की गई है ;

(ख) यदि हां, तो अम्ल युक्त भूमि और राज्य की पर्वतीय क्षेत्रों में वानिकी एवं परती भूमि के विकास के लिये कोई योजना बनाई गई है ;

(ग) यदि हां, तो इन परियोजनाओं के लिये चुने गये जिलों के परियोजनावार नाम क्या हैं ;

(घ) इन परियोजनाओं के अंतर्गत कितने हैक्टेयर भूमि को शामिल किया जाएगा ;

(ङ) इन परियोजनाओं को कब शुरू किया जाएगा ; और

(च) इन परियोजनाओं से कितने व्यक्ति लाभान्वित होंगे ?

ग्रामीण विकास मंत्रालय (परती भूमि विकास विभाग) में राज्य मंत्री (कर्नल राम सिंह) : (क) से (च) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

ग्रामीण विकास योजनाओं का प्रचार

2707. श्री दिग्विजय सिंह : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि :

(क) क्या यह सच है कि मंत्रालय ने ग्रामीण विकास कार्यक्रमों का प्रचार करने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली थीं परन्तु इसी दौरान सरकार ने इसकी मंजूरी देने से इन्कार कर दिया था ; और

(ख) यदि हां, तो ऐसा किस आदेश के अंतर्गत किया गया और इसके क्या कारण हैं, तथा इस योजना के कार्यान्वयन के संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

ग्रामीण विकास मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) में राज्यमंत्री (श्री रामेश्वर ठाकुर) :

(क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

**Withholding of fund allotted to Kerala under JRY**

2708. SHRI NILOTPAL BASU : Will the PRIME MINISTER be pleased to state :

(a) whether it is a fact that recently the Ministry has written to the Government of Kerala pointing out that the money allocated to Kerala from the Central Government meant for Jawahar Rozgar Yojana (JRY) will be withheld;

(b) if so, whether it is also a fact that such a move by the Ministry is intended to get measures for holding the Panchayat elections initiated; and

(c) if so, whether the Kerala State Government are showing reluctance to hold the Pa :chayat elections ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RURAL DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF RURAL DEVELOPMENT) (SHRI RAMESHWAR THAKUR) : (a) to (c) The Ministry of Rural Development have written to those State Governments where elections to Panchayati Raj Institutions (PRIs) are due including Government of Kerala, requesting them to complete elections to the Panchayati Raj Institutions in the States. These States were also informed that it would be extremely difficult to release funds for various rural development programmes including JRY from the Ministry of Rural Development till such time that these States indicate a firm schedule for elections to the PRIs. So far, no definite schedule for holding elections to PRIs in Kerala has been received from the Government of Kerala.